राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, शुक्रवार, 30 जुलाई, 2010/8 श्रावण, 1932

हिमाचल प्रदेश सरकार

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला—2, 29 जुलाई, 2010

संख्याः एल0एल0आर0—डी0(6)—14/2010 लेज.—हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 28—7—2010 को अनुमोदित हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (स्थापना और विनियमन) विधेयक, 2010 (2010 का विधेयक संख्यांक 11) को वर्ष 2010 के अधिनियम संख्यांक 16 के रूप में संविधान के अनुच्छेद 348 (3) के अधीन उसके अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित हिमाचल प्रदेश राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित करती हैं।

आदेश द्वारा,
अवतार डोगरा,
सचिव (विधि)।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (स्थापना और विनियमन) अधिनियम, 2010

धाराओं का क्रम

धाराऐं :

अध्याय–1
प्रारम्भिक और परिभाषाएं

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ।
2. परिभाषाएं।

अध्याय–2
विश्वविद्यालय के उद्देश्य और इसके अधिकारी

3. विश्वविद्यालय के उद्देश्य।
4. निगमन।
5. शक्तियां और कृत्य।
6. शक्तियों का क्षेत्रीय प्रयोग।
7. विश्वविद्यालय का धर्म, वंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान का विचार किए बिना सभी के लिए खुला होना।
8. सम्बद्धता की शक्ति।
9. विश्वविद्यालय के अधिकारी।
10. कुलाधिपति।
11. कुलपति।
12. कुलपति की शक्तियां और कृत्य।
13. रजिस्ट्रार।
14. रजिस्ट्रार की शक्तियां और कृत्य।
15. वित्त अधिकारी।

अध्याय–3

विश्वविद्यालय के प्राधिकरण

16. विश्वविद्यालय के प्राधिकरण ।
17. कार्यकारी परिषद्।

18. कार्यकारी परिषद् की शक्तियां और कृत्य।
19. कार्यकारी परिषद् की बैठक।
20. गवर्नर बोर्ड।
21. विद्या परिषद्।
22. वित्त समिति।
23. चयन समिति।
24. चयन समिति के कृत्य।
25. अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति का पत्र।
26. अस्थायी अधिकारी या कर्मचारी की सेवा की समाप्ति।
27. विवाद।

अध्याय–4

विश्वविद्यालय के समस्त प्राधिकरणों और अन्य निकायों को विनियमित करने वाले साधारण उपबन्ध

28. निरर्हताएं।
29. अंशकालिक गैर–अध्यापनेतर कर्मचारिवृन्द (स्टाफ) / कर्मचारी का मतदाता के रूप में अभ्यावेशित होने या नामनिर्देशित होने का हकदार न होना।
30. सदस्यों की पदावधि।
31. कतिपय मामलों में सदस्यता की समाप्ति।
32. रिक्तियों का भरा जाना।
33. रिक्तियों से विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों या निकायों की कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना ।
34. निर्वाचन अधिकरण।
35. अध्यक्ष का निर्णायक मत।

अध्याय–5

विश्वविद्यालय की निधियां, लेखे, लेखापरीक्षा और निरीक्षण

36. विश्वविद्यालय की निधि।
37. विश्वविद्यालय की वित्तीय शक्तियों पर साधारण परिसीमाएं।
38. अभिदायी भविष्य निधि।
39. निरीक्षण।

अध्याय–6

परिनियम, अध्यादेश और विनियम

40. परिनियम।
41. परिनियम बनाने की शक्ति।
42. अध्यादेश।
43. विनियम।
44. नियम बनाने की शक्ति।

अध्याय–7

प्रकीर्ण और अस्थायी उपबन्ध

45. प्रत्यायोजन।
46. सम्बद्धता के लिए शर्तें।
47. परीक्षाएं और प्रवेश।
48. विनियमों का संशोधन, निरसन तथा प्रवर्तन।
49. वार्षिक रिपोर्ट।
50. वार्षिक लेखे।
51. प्राधिकरणों और निकायों के गठन की बाबत विवाद।
52. विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों की शक्तियां और कर्त्तव्य।
53. अस्थायी उपबन्ध।
54. कठिनाइयां दूर करने की शक्ति।

2010 का अधिनियम संख्यांक 16

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (स्थापना और विनियमन) अधिनियम, 2010

(माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा तारीख 28 जुलाई, 2010 को यथाअनुमोदित)

राज्य में तकनीकी शिक्षा के लिए हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की स्थापना, निगमन और विनियमन करने और उसके क्रियाकलापों को विनियमित करने तथा उससे सम्बन्धित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबन्ध करने के लिए **अधिनियम**।

भारत गणराज्य के इकसठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः—

अध्याय—1
प्रारम्भिक और परिभाषाएं

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ।

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (स्थापना और विनियमन) अधिनियम, 2010 है।

(2) यह ऐसी तारीख को प्रवृत्त होगा जैसी राज्य सरकार, राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा नियत करे।

परिभाषाएं।

2. इस अधिनियम में, जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) ''महाविद्यालय'' से इस अधिनियम के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित या इसके विशेषाधिकार प्राप्त महाविद्यालय या संस्था अभिप्रेत है;

(ख) ''दीक्षांत समारोह'' से उपाधियां, खिताब या अन्य विद्या सम्बन्धी विशेष उपाधियां प्रदान करने के प्रयोजन के लिए कार्यकारी परिषद् की बैठक अभिप्रेत है;

(ग) विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में ''कर्मचारी'' से विश्वविद्यालय द्वारा नियोजित शिक्षक या किसी अधिकारी से अन्यथा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(घ) ''वित्तीय वर्ष'' से 31 मार्च को समाप्त होने वाला वर्ष अभिप्रेत है;

(ङ) ''राज्यपाल'' से हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल अभिप्रेत है;

(च) ''हॉल या छात्रावास'' से विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित छात्रों के आवास की एक इकाई अभिप्रेत है;

(छ) ''संस्था'' से प्रशिक्षण, शिक्षण, अनुसंधान या अध्ययन के लिए महाविद्यालय, अनुसंधान संगठन या कोई अन्य स्थान, चाहे किसी भी नाम से पुकारा जाए, अभिप्रेत है;

(ज) ''सदस्य'' से इस अधिनियम की धारा 20 के अधीन स्थापित गवर्नर बोर्ड का सदस्य अभिप्रेत है और इसका अध्यक्ष भी इसके अन्तर्गत है;

(झ) ''प्रधानाचार्य'' से महाविद्यालय का प्रमुख अभिप्रेत है (चाहे किसी भी नाम से पुकारा जाए) और इसके अन्तर्गत जब कोई प्रधानाचार्य नहीं है, तो तत्समय प्रधानाचार्य के रूप में कार्य करने के लिए सम्यक् रूप से नियुक्त व्यक्ति और प्रधानाचार्य या कार्यवाहक प्रधानाचार्य की अनुपस्थिति में इस प्रकार सम्यक् रूप से नियुक्त उप–प्रधानाचार्य भी है;

(ञ) ''विनियमों'' से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए विश्वविद्यालय के विनियम अभिप्रेत है;

(ट) ''तकनीकी शिक्षा'' से इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान, प्रबन्धन, फार्मेसी और वास्तुकला के विषयों तथा ऐसे अन्य विषयों, जैसे राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर उचित समझे जाएं, में शिक्षा अभिप्रेत है;

(ठ) ''विश्वविद्यालय'' से इस अधिनियम की धारा 4 के अधीन यथा निगमित हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय अभिप्रेत है;

(ड) ''गैर अध्यापन कर्मचारिवृन्द'' से निम्नलिखित अभिप्रेत है–

(i) विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में, कोई अध्यापन पद (अशंकालिक अध्यापन पद सहित) धारण न करने वाला, विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार नियुक्त या मान्यता प्राप्त अध्यापनेतर कर्मचारिवृन्द; और

(ii) सम्बद्ध महाविद्यालय के सम्बन्ध में, कोई अध्यापन पद (अशंकालीन अध्यापन पद सहित) धारण न करने वाला विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार नियुक्त या मान्यता प्राप्त या ऐसे महाविद्यालय द्वारा नियुक्त अध्यापनेतर कर्मचारिवृन्द किन्तु इसके अन्तर्गत कोई पुस्तकालयाध्यक्ष नहीं है;

(ढ) ''विहित'' से इस अधिनियम के अधीन बनाए परिनियमों या विनियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ण) ''परिनियमों'', ''विनियमों'' और ''नियमों'' तथा ''अध्यादेशों'' से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए क्रमशः परिनियम, विनियम, नियम और अध्यादेश अभिप्रेत हैं; और

(त) ''राज्य सरकार'' से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है।

अध्याय–2

विश्वविद्यालय के उद्देश्य और इसके अधिकारी

विश्वविद्यालय के उद्देश्य।

3. विश्वविद्यालय के अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य होंगे, अर्थात्:–

(क) ऐसी तकनीकी शिक्षा प्रणाली का उपबन्ध करना जो तकनीकी मानवशक्ति की बदलती अपेक्षाओं के अनुसार कार्य करने में समर्थ हो।

(ख) अध्यापन और विद्यार्जन प्रक्रिया में गुणात्मक सुधार लाना;

(ग) सत्त शिक्षा परामर्शदात्री और अनुसंधान तथा विकास क्रियाकलापों के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण उपलब्ध करवाना;

(घ) पारस्परिक प्रसुविधाओं की व्यवस्था करना तथा उद्योग के साथ प्रभावशाली सम्बन्ध विकसित करना और नए उद्योगों और कारबार संगठनों के आन्तरिक संसाधनों में बढ़ौतरी हेतु परामर्शदात्री और परीक्षण सेवाओं का उपबन्ध करना तथा बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार के संरक्षण के लिए संगठनों को प्रेरित करना;

(ङ) छात्रों के मध्य उद्यम को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थाओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाना;

(च) पूर्व छात्रों के साथ आजीवन सम्पर्क बनाए रखना और पूर्वछात्रों के प्रायोजित कार्यक्रमों को विकसित करना;

(छ) प्रौद्योगिकी में नवाचार के लिए राष्ट्रीय संस्थाओं से सहकार करना;

(ज) उत्कृष्ट शिक्षा का वातावरण विकसित करना और छात्रों का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के साथ सीधा सम्पर्क रखना;

(झ) बौद्धिक योग्यताओं के उच्चतर स्तर सृजित करने के दृष्टिगत उच्चतर शिक्षा में शिक्षण, अध्यापन और प्रशिक्षण का उपबन्ध करना;

(ञ) शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं स्थापित करना;

(ट) अध्यापन, अनुसंधान, सम्बद्धता, परीक्षा को कार्यान्वित करना और सतत् शिक्षा कार्यक्रम प्रस्थापित करना;

(ठ) राज्य की आवश्यकताओं से सुसंगत अनुसंधान और विकास के लिए ज्ञान तथा इसके उपयोजन में सहभागी होने के लिए श्रेष्ठता के केन्द्रों का सृजन करना;

(ड) लागू नियमों और विनियमों के अध्यधीन नई संस्था स्थापित करना और हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की सम्बद्धता का उपबन्ध करना;

(ढ) परीक्षा केन्द्र स्थापित करना और छात्रों को उपाधियां प्रदान करना;

(ण) परीक्षा या ऐसी किसी अन्य पद्धति के आधार पर उपाधियां और अन्य विद्या सम्बन्धी विशेष उपाधियां प्रदत्त करना, ऐसा करते समय विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि उपाधियां और अन्य विद्या सम्बन्धी विशेष उपाधियों का स्तर उससे कम नहीं हो जो विनियमन निकायों द्वारा अधिकथित किया गया है;

(त) बहुविध मेधाओं का विकास और आवर्धन करना तथा विद्या सम्बन्धी समुदाय के सदस्यों में सृजनशीलता को बढ़ावा देना;

(थ) अल्पावधि और दीर्घकालीन दोनों प्रकार की संस्थागत योजनाओं के लिए संयुक्त रुप से योजना बनाने हेतु अवसरों की व्यवस्था करना;

(द) जीवन के समस्त क्षेत्रों में उचित प्रकार से कार्य करने के संस्कार, वृत्तिक सुविज्ञता और नेतृत्व की व्यवस्था करना;

(ध) विश्व स्तरीय व्यावसायिक और अन्तर–विद्या की विशिष्ट शाखा से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों, जो अध्यवसाय परक हों, का उपबन्ध करना;

(न) राज्य में समस्त इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के मूलस्त्रोत (फाउन्टेन हैड) और राज्य में तकनीकी शिक्षा के केन्द्र के रुप में कार्य करना;

(प) समय पर परीक्षाओं का संचालन करना और समस्त सम्बद्ध इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के अभ्यर्थियों को उपाधियां प्रदान करना;

(फ) समस्त सम्बद्ध को जीवनपर्यन्त विद्यार्जन के अवसरों की व्यवस्था करना;

(ब) हिमाचल प्रदेश राज्य को अध्यापन, विद्यार्जन, अनुसंधान, व्यवसाय और कारबार का एक वरीय गंतव्य बनाने के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और संगठनों के साथ अंतर्व्यवहार विकसित करना; और

(भ) नई जानकारी प्राप्त और विकसित करना, अनुसंधान और विकासात्मक क्रियाकलापों के माध्यम से वृद्धि के क्रियाकलाप में प्रभावशाली रुप

से और निर्भीकता से लग जाना और नए आविष्कारों और खोजों के दृष्टिगत समस्त जानकारी और विश्वास का निर्वचन करना;

निगमन।

4. विश्वविद्यालय के प्रथम कुलाधिपति और प्रथम कुलपति तथा गवर्नर बोर्ड तथा विद्यापरिषद् के प्रथम सदस्य और समस्त ऐसे व्यक्ति, जो इसके पश्चात् ऐसे अधिकारी या सदस्य हो सकेंगे, जब तक वे ऐसा पद धारण करते रहते हैं या सदस्य बने रहते हैं, एतद्द्वारा मिलकर "हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय", जिसका मुख्यालय हमीरपुर में होगा, का गठन करेंगे।

विश्वविद्यालय का सम्पत्ति अर्जित करने, धारित करने, व्ययन करने और संविदा करने की शक्ति सहित, शाश्वत् उत्तराधिकार होगा और उसकी एक सामान्य मुद्रा होगी और उक्त नाम से वह वाद ला सकेगा और उस पर वाद लाया जा सकेगा।

शक्तियां और कृत्य।

5. विश्वविद्यालय की निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगें, अर्थात्:–

(क) राज्य सरकार के अनुमोदन से ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन, जिन्हें राज्य सरकार अधिरोपित करे, किसी महाविद्यालय / संस्था या केन्द्र को सम्बद्ध करना;

(ख) उन व्यक्तियों की परीक्षाएं लेना और उन्हें उपाधियां और विद्या सम्बन्धी विशेष उपाधियां देना और प्रदान करना जिन्होंने–

(i) विश्वविद्यालय में अध्ययन के किसी पाठ्यक्रम का अध्ययन किया है या विनियमों द्वारा यथाविहित और विश्वविद्यालय द्वारा विहित परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं; और

(ii) विनियमों द्वारा यथाविहित अनुसंधान को जारी रखा है;

(ग) तकनीकी शिक्षा को प्रदान करने, उन्नयन (अपग्रेड) करने और संवर्धित करने तथा तकनीकी शिक्षा में प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए उपबंध करना तथा उद्योग के साथ निकट सहकार में तकनीकी शिक्षा के क्रियाकलाप के लिए उद्यमिता तथा प्रेरक वातावरण तैयार करना;

(घ) परामर्शदात्री सेवाओं, सतत् शिक्षा कार्यक्रमों, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से संसाधन उत्पन्न करना और उनका अनुरक्षण करना और बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का अन्तरण करना;

(ङ) उपाधियां, अवार्ड, ग्रेड, श्रेयस (क्रेडिट्स) और विद्या सम्बन्धी विशेष उपाधियां संस्थित करना और प्रदान करना;

(च) अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की उपाधि के समतुल्य या तत्सम उपाधि के लिए उपबन्ध करना;

(छ) कैम्पस स्थापित करने के लिए समस्त आवश्यक उपाय करना;

(ज) मानद उपाधियाँ, जैसी विहित की जाएं, संस्थित करना और प्रदान करना;

(झ) विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां, जैसी विनिर्दिष्ट की जाएं, संस्थित करना और प्रदान करना;

(ञ) समाज के शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग (स्ट्रेटा) में, शैक्षिक प्रसुविधाओं का प्रसार करने के लिए विशेष उपाय करना;

(ट) खेलकूद और साहसिक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन और बढ़ावा देना;

(ठ) तकनीकी, प्रशासनिक, अनुसचिवीय (लिपिकीय) और अन्य आवश्यक पदों का सृजन करना और उन पर नियुक्तियां करना;

(ड) परामर्श सेवाएं प्रदान करना;

(ढ) अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को कार्यान्वित करने के लिए परिनियम और विनियम बनाना;

(ण) विश्वविद्यालय के संकाय, छात्रों और कर्मचारियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए पाठ्यक्रमेत्तर गतिविधियों को प्रोत्साहन और बढ़ावा देना ;

(त) राज्य सरकार, भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुदेशों के अनुसार देश के भीतर तथा बाहर पारस्परिक आधार पर अन्य विश्वविद्यालयों के साथ–साथ ड्यूल उपाधियों के लिए उपबन्ध करना ;

(थ) विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों के विभिन्न विषयों में एकीकृत पाठ्यक्रमों के लिए उपबन्ध करना ;

(द) राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों अनुसार महाविद्यालय, संस्थाएं, आफ–कैम्पस केन्द्र, ऑफ शोर कैम्पस और विद्या केन्द्र स्थापित करना ;

(ध) विश्वविद्यालय के प्रयोजनों और उद्देश्यों के लिए दान, उपहार और अनुदान प्राप्त करना और हिमाचल प्रदेश के भीतर या बाहर न्यास या विन्यस्त सम्पत्ति सहित किसी स्थावर या जंगम सम्पत्ति को अर्जित करना ,धारित करना उसका प्रबन्ध और व्ययन करना और निधियों का ऐसी रीति,जिसे विश्वविद्यालय उचित समझे, में विनिधान करना;

(न) विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए समय–समय पर इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार फीस संरचना विहित करना ;

(प) ऐसी फीस और अन्य प्रभारों, जो समय–समय पर विनिर्दिष्ट किए जाएं, के संदाय की मांग करना और प्राप्त करना ;

(फ) पारस्परिक रूप से स्वीकार्य निबन्धनों और शर्तो पर अन्य संस्थाओं से सहयोग करना ;

(ब) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अन्य विनियामक निकायों द्वारा विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार विश्वविद्यालय के संकाय और कर्मचारियों के लिए वेतन,पारिश्रमिक, मानदेय (आनरेरिया) अवधारित करना;

(भ) विश्वविद्यालय के छात्रों तथा कर्मचारियों में अनुशासन विनियमित करना तथा उसे प्रवर्तित कराना और ऐसे अनुशासनिक उपाय करना, जो आवश्यक समझे जाएं ;

(म) विश्वविद्यालय और इससे सम्बद्ध संस्थाओं / महाविद्यालयों में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 कार्यान्वित करना ;

(य) सम्बद्ध संस्थाओं / महाविद्यालयों में हिमाचल प्रदेश शैक्षणिक संस्था (रैगिंग का प्रतिषेध) अधिनियम, 2009 कार्यान्वित करना;

(यक) उद्योग के साथ सम्बन्ध स्थापित करना और उनका अनुरक्षण करना और उनके साथ अन्तर्व्यवहार का संवर्धन करना और विश्व में चारों ओर अन्य विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थाओं और विद्वत समाज तथा उद्योगों, जो विश्वविद्यालयों के उद्देश्य को अग्रसर करने से सम्बन्धित है, के साथ सहयोगी करार करना ;

(यख) साधारणतः राष्ट्रीय विकास और विशेषतया आधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित उद्योग के विकास में योगदान देने में समर्थ उच्चस्तरीय कुशल मानव शक्ति के सृजन का संवर्धन करना;

(यग) उच्चतर शिक्षा में स्तरमानों को बनाए रखने और गुणवत्ता में वृद्धि के लिए समुचित उपाय करना;

(यघ) उपाधियों या अन्य विद्या सम्बन्धी विशेष उपाधियों को ऐसी शर्तों, जैसी परिनियमों द्वारा विहित की जाएं, के अधीन और प्रभावित व्यक्ति को अपना मामला प्रस्तुत करने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, प्रत्याहृत करना या रद्द करना ;

(यङ) इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन, विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के पदों के लिए आचार और अनुशासन के नियम और उपलब्धियों सहित, सेवा के निबन्धन और शर्तें विहित करना;

(यच) स्थावर या जंगम सम्पत्ति को अर्जित करना, धारित करना और उसका व्ययन करना तथा इसके उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए अनुदान और अग्रिम देना;

(यछ) दान, विन्यास स्वीकार करना और प्रशासित करना और इसके उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए अनुदान और अग्रिम देना;

(यज) अनुदान स्वीकार करना और उधार लेना या केन्द्रीय या किसी राज्य सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अन्य स्त्रोतों से भी उधार स्वीकार करना;

(यझ) विश्वविद्यालय के स्वतन्त्र वित्तीय आधार के सृजन के लिए समुचित उपाय करना ;

(यञ) तत्सम्बद्ध बाध्यताओं और वचनबंधताओं जो विश्वविद्यालय के उद्देश्यों या हैसियत से असंगत न हों, के साथ प्राइवेट स्त्रोतों से दान और अंशदान से निधि का सृजन करना;

(यट) परीक्षा और अन्य प्रयोजनों के लिए फीस या अन्य प्रभार विहित करना और इस प्रकार विहित फीस या अन्य प्रभारों की मांग करना और प्राप्त करना ;

(यठ) विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सामान्य कल्याण को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्था करना ;

(यड) विश्वविद्यालय के प्रयोजन और उद्देश्यों के समरूप प्रयोजनों और उद्देश्यों की अभिवृद्धि को ध्यान में रखते हुए, देश के भीतर या बाहर किसी अन्य विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या किसी अन्य पब्लिक या प्राइवेट निकाय के साथ ऐसे प्रयोजनों, जो करार पाए जाएं, के लिए ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जो समय–समय पर विनिर्दिष्ट की जाएं, सहकार करना ;

(यढ) प्रश्न पत्रों और अन्य संकर्मों जो विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित हों, के मुद्रण की व्यवस्था करना; और

(यण) ऐसे आनुषंगिक या सहायक समस्त कार्य करना, जो विश्वविद्यालय के सभी या किन्हीं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक हों।

शक्तियों का क्षेत्रीय प्रयोग ।

6. (1) क्षेत्रीय परिसीमाएं जिनमें विश्वविद्यालय शक्तियों का प्रयोग और अपने कर्त्तव्यों का पालन करेगा, सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य और हिमाचल प्रदेश राज्य से बाहर के अन्य क्षेत्रों जिन्हें समय–समय पर गवर्नर बोर्ड द्वारा किन्हीं विनियमों और परिनियमों के अध्यधीन विनिश्चित किया जाए, में होंगी।

(2) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी उपधारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट क्षेत्र की सीमाओं में स्थित तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाला कोई भी महाविद्यालय, ऐसी तारीख से, जो इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाए, विश्वविद्यालय के साथ सम्बद्ध और विशेषाधिकार प्राप्त समझा जाएगा तथा उसकी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के साथ किसी भी प्रकार से सम्बद्धता या किसी भी प्रकार के विशेषाधिकार नहीं रहेंगे :

परन्तु उक्त तारीख से पूर्व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से सम्बद्ध किसी ऐसे महाविद्यालय के किसी छात्र, जो उक्त विश्वविद्यालय की किसी उपाधि या डिप्लोमा परीक्षा के लिए अध्ययनरत था, को उसकी तैयारी में उसके पाठ्यक्रम को पूर्ण करना अनुज्ञात किया जाएगा और विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों की परीक्षा, उन महाविद्यालयों में प्रवृत्त अध्ययन पाठयक्रम के अनुसार ऐसी अवधि के लिए, जैसी विनियमों द्वारा विहित की जाए, आयोजित करेगा :

परन्तु यह और कि जब तक विश्वविद्यालय द्वारा ऐसी परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है, तब तक ऐसे छात्र को उक्त विश्वविद्यालयों की परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा और उन विश्वविद्यालयों, जिनके लिए वह ऐसी परीक्षा के परिणाम पर अर्हता प्राप्त करता है, की उपाधि, डिप्लोमा या कोई अन्य विशेषाधिकार प्रदान किया जाएगा ।

विश्वविद्यालय का धर्म, वंश, जाति लिंग या जन्म स्थान का विचार किए बिना सभी के लिए खुला होना।

7. (1) किसी भी व्यक्ति को, केवल धर्म, वंश जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी भी आधार पर विश्वविद्यालय के किसी पद या इसके किन्हीं प्राधिकरणों की सदस्यता से या किसी उपाधि, डिप्लोमा या अन्य विद्या सम्बन्धी विशेष उपाधि या अध्ययन के पाठ्यक्रम से अपवर्जित नहीं किया जाएगा :

परन्तु विश्वविद्यालय केवल महिलाओं के लिए किसी महाविद्यालय को या तो शिक्षा या आवास के लिए अनुरक्षित कर (चला) सकेगा या महिलाओं या शैक्षणिक रूप से पिछड़ी श्रेणी के सदस्यों और समुदायों को किसी भी महाविद्यालय में छात्रों के रूप में प्रवेश के प्रयोजन के लिए आरक्षित कर सकेगा।

(2) विश्वविद्यालय के लिए किसी व्यक्ति पर, विश्वविद्यालय में कोई पद या पदवी धारण करने या विश्वविद्यालय के किसी विशेषाधिकार या उसकी

उपकृति के लिए हकदार बनाने हेतु वंश, जाति, लिंग, जन्म–स्थान से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का टैस्ट अधिरोपित करना विधिपूर्ण नहीं होगा।

सम्बद्धता की शक्ति।

8. विश्वविद्यालय को किसी अन्य संस्था के साथ सम्बद्धता की या अन्यथा अपने विशेषाधिकार में लाने की शक्ति होगी।

विश्वविद्यालय के अधिकारी।

9. (1) विश्वविद्यालय के लिए निम्नलिखित अधिकारी होंगे, अर्थात् :–

(क) कुलाधिपति ;
(ख) कुलपति ;
(ग) रजिस्ट्रार ;
(घ) वित्त अधिकारी ; और
(ङ) ऐसे अन्य व्यक्ति जो परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारी घोषित किए जाएं।

(2) कुलाधिपति, कुलपति और रजिस्ट्रार से भिन्न विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्तियों की रीति, सेवा के निबन्धन और शर्तें और कृत्य जहां तक वे इसमें उपबन्धित नहीं हैं, विनियमों द्वारा विहित किए जाएंगे।

कुलाधिपति।

10. (1) राज्यपाल, अपने पद के फलस्वरूप विश्वविद्यालय का कुलाधिपति होगा। वह विश्वविद्यालय का प्रमुख (हैड) और कार्यकारी परिषद् का अध्यक्ष होगा तथा जब उपस्थित हो तो कार्यकारी परिषद् की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

(2) कुलाधिपति ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जैसी उसे इस अधिनियम द्वारा या के अधीन प्रदत्त की जाएं।

(3) जहां कुलाधिपति को विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के लिए नामनिर्देशन करने की शक्ति प्रदत्त की गई है, वहां कुलाधिपति उस विस्तार तक जो आवश्यक है व्यक्तियों को उन हितों को प्रस्तुत करने के लिए नामनिर्दिष्ट करेगा जिनको अन्यथा समुचित रूप से प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया हो।

(4) किसी मानक उपाधि को प्रदत्त करने का प्रत्येक प्रस्ताव कुलाधिपति की पुष्टि के अध्यधीन होगा।

कुलपति।

11. (1) कुलपति की नियुक्ति गवर्नर बोर्ड द्वारा नामनिर्दिष्ट की जाने वाली समिति के माध्यम से गवर्नर बोर्ड द्वारा संस्तुत व्यक्तियों के पैनल में से, कुलाधिपति द्वारा राज्य सरकार के परामर्श से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों के पैनल में से की जाएगी :

परन्तु विश्वविद्यालय का प्रथम कुलपति तीन वर्ष की अवधि के लिए या उसके 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक, जो भी पूर्वतर हो, नियुक्त किया जाएगा, और इस धारा के उपबन्धों के अध्यधीन राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के दिन–प्रतिदिन के कार्यकलापों का प्रबन्ध करने हेतु तीन वर्ष से अनधिक और अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा।

(2) कुलपति विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा और उसे विश्वविद्यालय निधि से ऐसा वेतन और भत्ते संदत्त किए जाएंगे जैसे कि कुलाधिपति, राज्य सरकार और वित्त विभाग के परामर्श से विनिश्चित करे।

(3) कुलाधिपति, कुलपति के पारिश्रमिक की रकम और सेवा की अन्य शर्तें अभिधारित करेगा :

परन्तु सेवा के निबन्धन और शर्तें कुलपति की पदावधि के दौरान उसके अहित में परिवर्तित नहीं की जाएंगी।

(4) कुलपति की बीमारी या अनुपस्थिति या छुट्टी की दशा में अथवा किसी अन्य आकस्मिकता में रजिस्ट्रार विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्य करेगा।

(5) कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होगा और विनियमों के अनुसार इसके कार्यकलापों पर साधारण नियन्त्रण रखेगा और विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों के विनिश्चयों को प्रभावी बनाएगा।

(6) कुलपति का कर्त्तव्य होगा कि वह सुनिश्चित करे कि अधिनियम और विनियमों के उपबन्धों का कड़ाई से पालन हो और उसके पास इस प्रयोजन के लिए समस्त शक्तियां होंगी।

(7) यदि, कुलपति की राय में, कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिस पर तुरन्त कार्रवाई की जानी आवश्यक हो, तो कुलपति ऐसी कार्रवाई करेगा

जैसी वह आवश्यक समझे और उसकी रिपोर्ट प्राधिकरण (अथॉरिटी) की अगली बैठक में पुष्टि के लिए करेगा, जिसने सामान्य अनुक्रम में मामले को निपटाया होताः

परन्तु जहां कुलपति द्वारा की गई ऐसी कोई कार्रवाई सम्बद्ध प्राधिकरण (अथॉरिटी) द्वारा अनुमोदित नहीं की जाती है, तो वह ऐसा मामला कुलाधिपति को निर्दिष्ट कर सकेगा, जिस पर उसका विनिश्चय अन्तिम होगा :

परन्तु यह और कि जहां कुलपति द्वारा की गई ऐसी कार्रवाई विश्वविद्यालय की सेवा में रत किसी व्यक्ति को प्रभावित करती है, तो ऐसा व्यक्ति, ऐसी तारीख, जिसको वह ऐसी कार्रवाई का नोटिस प्राप्त करता है, से तीस दिन के भीतर गवर्नर बोर्ड को अपील करने का हकदार होगा।

(8) कुलपति ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा जैसी विनियमों या परिनियमों द्वारा विहित की जाएं।

कुलपति की शक्तियां और कृत्य।

12. (1) कुलपति, कुलाधिपति की अनुपस्थिति में कार्यकारी परिषद् की बैठक की अध्यक्षता करेगा। वह, अपने पद के फलस्वरूप (की हैसियत से) स्नात्तकोतर और स्नातकपूर्व अध्ययन के लिए गवर्नर बोर्ड और विद्या परिषद् का सदस्य तथा अध्यक्ष होगा और विश्वविद्यालय के किसी अन्य प्राधिकरण या निकाय, जिसका वह सदस्य हो, का अध्यक्ष भी होगा, परन्तु वह उसमें मतदान करने का हकदार नहीं होगा।

(2) कुलपति के पास कार्यकारी परिषद्, गवर्नर बोर्ड और विश्वविद्यालय के किसी अन्य प्राधिकरण या निकाय की बैठक बुलाने की शक्तियां होंगी।

(3) कुलपति को विश्वविद्यालय के समस्त अन्य अधिकारियों और समस्त शिक्षकों तथा कर्मचारियों पर तथा साधारणतया विश्वविद्यालय के सभी मामलों पर नियन्त्रण तथा पर्यवेक्षण की शक्ति होगी।

(4) कुलपति ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग और ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का निर्वहन कर सकेगा जो विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय द्वारा उसे प्रत्यायोजित किए जाएं।

(5) कुलपति, विश्वविद्यालय की ओर से किसी मामले में ऐसी कार्रवाई कर सकेगा जैसी वह समीचीन समझे, जो उसकी राय में या तो अत्यावश्यक है

या आपात्तिक स्वरूप की है और उसकी रिपोर्ट प्राधिकरण या निकाय की अगली बैठक में पुष्टि के लिए करेगा, जिसने सामान्य अनुक्रम में मामले को निपटाया होताः

परन्तु यदि कुलपति द्वारा की गई कार्रवाई का सम्बद्ध प्राधिकरण या निकाय द्वारा अनुमोदन नहीं किया जाता है, तो मामला तत्काल कुलाधिपति को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

रजिस्ट्रार।

13. (1) रजिस्ट्रार विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा और अध्यक्ष के रुप में कुलपति, कुलाधिपति के नामनिर्देशिती, गवर्नर बोर्ड के दो नामनिर्देशितियों और राज्य सरकार के एक नामनिर्देशिती से गठित एक समिति की सिफारिश पर गवर्नर बोर्ड द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे और तीन वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(2) रजिस्ट्रार की सेवा के निबन्धन और शर्तें ऐसी होंगी जैसी गवर्नर बोर्ड द्वारा अवधारित की जाएं।

(3) रजिस्ट्रार, गवर्नर बोर्ड और विद्या परिषद् का पदेन सचिव होगा ।

रजिस्ट्रार की शक्तियां और कृत्य।

14. रजिस्ट्रार–

(क) विश्वविद्यालय के अभिलेखों, सामान्य मुद्रा और ऐसी अन्य सम्पत्ति का अभिरक्षक होगा जैसी गवर्नर बोर्ड उसके प्रभार में उसे सौंपे ;

(ख) गवर्नर बोर्ड और विद्या परिषद् की समस्त बैठकों के कार्यवृत्त रखेगा;

(ग) गवर्नर बोर्ड और विद्या परिषद् के शासकीय पत्रव्यवहार का संचालन करेगा ;

(घ) विश्वविद्यालय की परीक्षा की व्यवस्था करेगा तथा अधीक्षण करेगा;

(ङ) विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों की बैठकों की कार्यसूची की प्रतियों को, जैसे ही वे जारी की जाती हैं, यथाशीघ्र और साधारणतया बैठकों के आयोजित होने के एक मास के भीतर प्राधिकरणों की बैठकों के कार्यवृत्त, कुलाधिपति को प्रेषित करेगा; और

(च) ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का पालन करेगा जैसे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति या गवर्नर बोर्ड द्वारा समय–समय पर उसे सौंपे जाएं।

वित्त अधिकारी ।

15. (1) वित्त अधिकारी विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा और अध्यक्ष के रुप में कुलपति, गवर्नर बोर्ड के दो नामनिर्देशितियों , कुलाधिपति के एक नामनिर्देशिती और राज्य सरकार के एक नामनिर्देशिती से गठित समिति की सिफारिश पर गवर्नर बोर्ड द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसे तीन वर्ष की और अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(2) वित्त अधिकारी की सेवा के निबन्धन और शर्तें ऐसी होंगी जैसी गवर्नर बोर्ड द्वारा अवधारित की जाएं।

(3) वह, कुलपति और गवर्नर बोर्ड के पर्यवेक्षण, निदेश और नियन्त्रण के अध्यधीन विश्वविद्यालय की निधि के प्रशासन वित्त, सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों तथा समस्त न्यासों और विन्यासों का प्रभारी होगा ।

(4) उसकी उन सभी क्रियाकलापों में विशेष रुचि रहेगी जिनका उद्देश्य (लक्ष्य) विश्वविद्यालय की निधियों को जुटाना और विश्वविद्यालय के स्त्रोतों (साधनों) का संवर्द्धन हो ।

(5) उसे, इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन, अपने प्रभार के अध्यधीन विभागों में कार्यरत समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर पर्यवेक्षण और नियन्त्रण की शक्ति होगी और वह ऐसी अनुशासनात्मक शक्तियों का प्रयोग करेगा, जैसी उसे इस अधिनियम के द्वारा या अधीन प्रदत्त की जाएं।

अध्याय–3
विश्वविद्यालय के प्राधिकरण

विश्वविद्यालय के प्राधिकरण।

16. विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्राधिकरण होंगे, अर्थात् :–

(क) कार्यकारी परिषद् ;
(ख) गवर्नर बोर्ड ;
(ग) विद्या परिषद् ;
(घ) वित्त समिति ;

(ङ) चयन समिति ; और

(च) ऐसे अन्य प्राधिकरण जो परिनियमों के अधीन स्थापित किए जाएं।

17. (1) कार्यकारी परिषद् निम्नलिखित सदस्यों से गठित होगी, अर्थात्:— कार्यकारी परिषद्।

पदेन सदस्य :—

(क) कुलाधिपति ;

(ख) कुलपति ;

(ग) ठीक पूर्ववती कुलपति ;

(घ) सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार या उसका नामनिर्देशिती जो विशेष सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, की पंक्ति से नीचे का न हो;

(ङ) सचिव, वित्त विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार या उसका नामनिर्देशिती जो विशेष सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार की पंक्ति से नीचे का न हो;

(च) निदेशक, तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ;

(छ) अध्ययन अधिष्ठाता (डीन आफ स्टडीज) ;

(ज) स्कूल शिक्षा के निदेशक ;

(झ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक नामनिर्देशिती ;

(ञ) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का एक नामनिर्देशिती ;

(ट) हिमाचल प्रदेश विधान सभा के सदस्यों द्वारा चयनित (निर्वाचित) हिमाचल प्रदेश विधान सभा के दो सदस्य;

(ठ) दो प्राध्यापक, एक क्रमशः राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, हमीरपुर से और एक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से;

(ड) विश्वविद्यालय के गैर–शिक्षण कर्मचारियों के सदस्यों द्वारा अपने में से चयनित (निर्वाचित) दो सदस्य;

(ढ) विश्वविद्यालय के अधिकारियों और पर्यवेक्षी स्टाफ द्वारा अपने में से चयनित (निर्वाचित) दो सदस्य;

(ण) व्यावसायिक, औद्योगिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, शैक्षणिक और अन्य विद्वत समाज का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले तीन व्यक्ति;

(त) कुलाधिपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले दो व्यक्ति; और

(थ) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में से निर्वाचन द्वारा चयनित (निर्वाचित) एक व्यक्ति।

(2) कार्यकारी परिषद् के लिए समस्त निर्वाचन ऐसी रीति में होंगे जैसी परिनियमों द्वारा विहित की जाएं।

कार्यकारी परिषद् की शक्तियां और कृत्य ।

18. कार्यकारी परिषद् की निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगें, अर्थात्:–

(क) गवर्नर बोर्ड द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट पर विचार करना और उससे सम्बन्धित ऐसा प्रस्ताव पारित करना जैसा आवश्यक समझा जाए ;

(ख) गवर्नर बोर्ड या अन्य किसी निकाय से ऐसी अन्य रिपोर्टों पर विचार और परामर्श करना, जैसी इसके समक्ष रखी जाएं ।

(ग) गवर्नर बोर्ड से अन्य विश्वविद्यालय,संस्थाओं और शैक्षणिक प्राधिकरणों के साथ ऐसे मामलों में सहकार और सहयोग के लिए प्रस्तावों पर विचार करना और परामर्श देना जो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक / उद्देश्यों से सम्बन्धित हो या उन्हें प्रोत्साहित करते हों ।

(घ) गवर्नर बोर्ड द्वारा अनुमोदित लेखाओं के वार्षिक विवरण और वार्षिक वित्तीय प्राक्कलनों पर विचार करना और उनसे सम्बद्ध ऐसे संकल्प पारित करना जो आवश्यक समझे जाएं:

परन्तु संकल्प पारित करने, ऐसे किसी वार्षिक वित्तीय प्राक्कलनों को उपांतरित करने या अस्वीकृत करने के प्रयोजन के लिए, तत्समय विद्यमान कार्यकारी परिषद् के कुल सदस्यों में से बहुमत के लिए संकल्पों के पक्ष में मतदान करना आवश्यक होगा ;

(ङ) विश्वविद्यालय के प्रशासन और वित्त में सुधार के लिए, और साधारणतया इसके उद्देश्य को अग्रसर करने के लिए उपायों पर विचार करना और सुझाव देना;

(च) अध्ययन और अनुसंधान हेतु विभागों, इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, बहुतकनीकी संस्थानों और बहुविद्या शाखा अनुसंधान के केन्द्रों, पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं और संग्रहालयों की स्थापना करना;

(छ) राज्य सरकार के अनुमोदन से विश्वविद्यालय, केन्द्रों और पुस्तकालयों की स्थापना के लिए अधिकारियों और अधीनस्थ कर्मचारिवृन्द के उतने पद जितने आवश्यक हों, सृजित करना और संस्थित करना;

(ज) विश्वविद्यालय निधि में से अध्येतावृत्ति, छात्रवृत्ति अध्ययनवृत्ति, वृत्तिका, वजीफा, प्रदर्शनियां, दिए जाने वाले पदकों और दिए जाने वाले और ईनामों को संस्थित करना;

(झ) ऐसे व्यक्तियों जिन्होंने,–

(i) विहित पाठ्यक्रम किए है या जिन्हें विहित रीति में छूट दी गई है और ऐसी परीक्षा उत्तीर्ण की है, जैसी विहित की जाए, या

(ii) ऐसी शर्तों के अनुसार जो विहित की जाएं, अनुसंधान किया हो,

पर उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र और अन्य विद्या संबंधी उपाधि संस्थित करना;

(ञ) ऐसी शर्तें, जो परिनियमों द्वारा विहित की जाएं के अधीन और प्रभावित व्यक्ति को अपना मामला प्रस्तुत करने के लिए युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्रों और अन्य विद्या संबंधी उपाधि का प्रत्याहरण करना या रद्द करना;

(ट) मानद् उपाधि और विद्या संबंधी उपाधियां प्रदान करना;

(ठ) इसके अपने कारबार के संव्यवहार के लिए नियम बनाना; और

(ड) इस अधिनियम द्वारा या के अधीन कार्यकारी परिषद् पर प्रदत्त समस्त अन्य शक्तियों का प्रयोग करना और अधिरोपित समस्त अन्य कृत्यों का पालन करना।

कार्यकारी परिषद् की बैठक ।

19. (1) कार्यकारी परिषद्, दीक्षान्त समारोह से अन्यथा के लिए, एक वित्तीय वर्ष में कम से कम तीन बार, कुलपति द्वारा नियत की जाने वाली तारीखों को, बैठक करेगी। इस प्रकार की एक बैठक मार्च से पूर्व आयोजित की जाएगी और उसे वार्षिक बैठक के नाम से जाना जाएगा । कार्यकारी परिषद् ऐसे अन्य समयों पर भी बैठक कर सकेगी, जैसी यह समय–समय पर विनिश्चित करे।

(2) कार्यकारी परिषद् की बैठक के लिए कार्यकारी परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या के एक–तिहाई से गणपूर्ति होगीः

परन्तु दीक्षान्त समारोह की बैठक में ऐसी गणपूर्ति अपेक्षित नहीं होगी।

(3) कुलपति, जहां वह उचित समझे, और कार्यकारी परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या के पचास प्रतिशत् से अन्यून द्वारा लिखित में हस्ताक्षरित अध्यपेक्षा पर, कार्यकारी परिषद् की बैठक आयोजित करेगा। ऐसी अध्यपेक्षा पर बैठक कुलपति द्वारा अध्यपेक्षा की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर आयोजित की जाएगी।

गवर्नर बोर्ड ।

20. (1) गवर्नर बोर्ड अध्यक्ष, सात पदेन सदस्यों और चार नाम निर्देशित सदस्यों से गठित होगा।

(2) गवर्नर बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति, कुलाधिपति द्वारा गवर्नर बोर्ड के पदावरोही अध्यक्ष की सिफारिश पर उद्योग, प्रौद्योगिकी या तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय ख्याति के व्यक्तियों की नामसूची (पैनल) में से की जाएगी :

परन्तु विश्वविद्यालय का प्रथम गवर्नर बोर्ड राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

(3) गवर्नर बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति की पदावधि तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी और वह उतनी ही अवधि के एक अन्य कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्ति हेतु पात्र होगा।

(4) गवर्नर बोर्ड का अध्यक्ष सामान्यतया कुलाधिपति की अनुपस्थिति में गवर्नर बोर्ड की बैठकों और विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेगा।

(5) कुलाधिपति, गवर्नर बोर्ड के निम्नलिखित सदस्यों को तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करेगा और वे उतनी ही अवधि के एक अन्य कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्ति हेतु पात्र होंगे, अर्थात्:–

(i) पदेन सदस्यः–

(क) कुलपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला;

(ख) कुलपति, चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय (सी. एस. के. एच. पी. के. वी., पालमपुर),

(ग) निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मण्डी;

(घ) सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग;

(ङ) निदेशक, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण;

(च) सचिव (वित्त), हिमाचल प्रदेश सरकार ; और

(छ) अध्यक्ष, उत्तर–पश्चिमी समिति, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, चण्डीगढ़।

(ii) नाम निर्दिष्ट सदस्यः

(क) सुप्रसिद्ध उद्योगपतियों में से एक सदस्य ;

(ख) दो सुप्रसिद्ध प्रौद्योगिकीविद् ; और

(ग) भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्षः

परन्तु कुलाधिपति, कुलपति की सिफारिशों पर किसी व्यक्ति, जो उस आधार पर पद धारण करने से प्रवरित हो जाता है, जिस आधार पर वह ऐसा सदस्य बना, की सदस्यता रद्द कर सकेगा ।

(6) जब गवर्नर बोर्ड में, किसी सदस्य के त्यागपत्र या मृत्यु या अन्यथा कोई रिक्ति होती है, तो रिक्ति अधिनियम द्वारा उपबन्धित रीति में भरी जाएगीः

परन्तु जो व्यक्ति ऐसी रिक्ति को भरता है, वह ऐसे कार्यकाल के अनवसित भाग के लिए पद धारण करेगा जिसके लिए वह व्यक्ति, जिसके स्थान पर वह सदस्य बनता है , अन्यथा अपने पद पर बना रहता।

(7) गवर्नर बोर्ड विश्वविद्यालय का सर्वोच्च प्राधिकरण (अथॉरिटी) होगा और उसकी निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगें,अर्थात् :–

(क) विश्वविद्यालय के कार्यकलापों का अधीक्षण और नियन्त्रण करना;

(ख) कुलाधिपति को, उद्योग / प्रौद्योगिकी / तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध तीन व्यक्तियों से गठित उच्च स्तरीय "समिति" द्वारा तैयार उद्योग / प्रौद्योगिकी / तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रों से तीन से अन्यून और पांच से अनधिक सुप्रसिद्ध व्यक्तियों की नामसूची (पैनल) से कुलपति की नियुक्ति की सिफारिश करना;

(ग) कुलपति की सेवा की उपलब्धियों और निबन्धनों और शर्तों की सिफारिश करना ;

(घ) शैक्षणिक कार्यक्रम अनुमोदित करना ;

(ङ) विश्वविद्यालय के नियमों और विनियमों को बनाना और अनुमोदित करना ;

(च) विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों को चलाने हेतु विभाग / केन्द्र / महाविद्यालय / शैक्षणिक परिषद् सृजित करना;

(छ) विश्वविद्यालय में संकाय और कर्मचारिवृन्द के पदों (पोजीशन) का सृजन करना;

(ज) विश्वविद्यालय के बजट का अनुमोदन करना;

(झ) विश्वविद्यालय की निधियों का प्रबन्ध और नियंत्रण करना और बैंक लेखे खोलने और उनके प्रवर्तन को प्राधिकृत करना;

(ञ) विश्वविद्यालय की जंगम, स्थावर और बौद्धिक सम्पदा को स्वीकार करना, अन्तरण करना और अन्यथा नियंत्रण करना;

(ट) विश्वविद्यालय की सामान्य मुद्रा के रूप और उपयोग पर विनिश्चय करना;

(ठ) ऐसी समितियों की नियुक्ति करना, जो विश्वविद्यालय के दक्ष कार्यकरण हेतु अपेक्षित हों;

(ड) विश्वविद्यालय के संकाय और कर्मचारिवृन्द की सेवा की उपलब्धियां और निबन्धनों और शर्तों का अनुमोदन करना; और

(ढ) संविदा पर सेवा की उपलब्धियों और निबन्धनों और शर्तों का अनुमोदन करना ।

(8) गवर्नर बोर्ड की वार्षिक बैठक, गवर्नर बोर्ड के अध्यक्ष के परामर्श से कुलपति द्वारा नियत की जाने वाली तारीख को आयोजित की जाएगी । ऐसी वार्षिक बैठक में, प्राप्तियों एवं व्यय के विवरण, तुलन पत्र और वित्तीय प्राक्कलनों के साथ, पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के कार्यकरण की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी ।

(9) गवर्नर बोर्ड की विशेष बैठक, गवर्नर बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा, जब कभी आवश्यक हो, आयोजित की जाएगी ।

(10) गवर्नर बोर्ड का सदस्य, ऐसे भत्तों, यदि कोई हों, और विश्वविद्यालय से ऐसी बैठक फीस, जैसी विनियमों में उपबन्धित की जाए का हकदार होगा ।

विद्या परिषद् ।

21. (1) विद्या परिषद् विश्वविद्यालय का शैक्षणिक निकाय होगी और, इस अधिनियम और विनियमों के उपबन्धों के अध्यधीन नियंत्रण और साधारण विनियमन रखेगी और विश्वविद्यालय के भीतर शिक्षण, शिक्षा और परीक्षा के स्तरमानों को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होगी तथा ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगी और ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का पालन करेगी, जैसे विनियमों द्वारा इस पर प्रदत्त या अधिरोपित किए जाएं । इसे गवर्नर बोर्ड को, समस्त शैक्षणिक मामलों पर परामर्श देने का अधिकार होगा ।

(2) विद्या परिषद् निम्नलिखित सदस्यों से गठित होगी, अर्थात्:–

(क) कुलपति	–	अध्यक्ष;
(ख) संकायाध्यक्ष (डीन)	–	सदस्य;
(ग) महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य,	–	सदस्य;
(घ) प्रधानाचार्यों द्वारा नामनिर्देशित किया जाने वाला एक विभागाध्यक्ष या सरकारी महाविद्यालयों के प्रत्येक विभाग का एक आचार्य ।	–	सदस्य; और
(ङ) विख्यात उद्योगपति	–	सदस्यः

परन्तु नामनिर्देशित सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा ।

वित्त समिति ।

22. (1) वित्त समिति निम्नलिखित व्यक्तियों से गठित होगी,अर्थात् :–

(क) कुलपति	–	अध्यक्ष;
(ख) सचिव (वित्त), हिमाचल प्रदेश सरकार या उसका प्रतिनिधि	–	सदस्य;
(ग) सचिव (तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग), हिमाचल प्रदेश सरकार	–	सदस्य;

(घ) गवर्नर बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित –सदस्य; और किया जाने वाला गवर्नर बोर्ड का एक सदस्य, और

(ङ) नियंत्रक (वित्त), वित्त समिति का सदस्य सचिव होगा ।

(2) वित्त समिति, गवर्नर बोर्ड को समस्त वित्तीय मामलों पर सलाह देगी और उसकी निम्नलिखित शक्तियां होगीः–

(क) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखाओं की परीक्षा करना और उन पर बोर्ड को सलाह देना;

(ख) वार्षिक प्राक्कलनों की परीक्षा करना और बोर्ड को सलाह देना ;

(ग) वार्षिक संपरीक्षा रिपोर्ट और कृत कार्रवाई रिपोर्ट की परीक्षा करना;

(घ) विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करना ; और

(ङ) विश्वविद्यालय के वित्त पोषण से सम्बन्धित समस्त मामलों पर विश्वविद्यालय को सिफारिशें करना ।

23. (1) चयन समिति निम्नलिखित से गठित होगी :– चयन समिति ।

(क) कुलपति	–	अध्यक्ष;
(ख) रजिस्ट्रार	–	सदस्य;
(ग) सम्बद्ध संकायाध्यक्ष (डीन)	–	सदस्य;
(घ) कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित एक व्यक्ति, जो विश्वविद्यालय के अधीन कोई लाभ का पद धारण न कर रहा हो, और जो सम्बद्ध विषय में विशेष ज्ञान रखता हो।	–	सदस्य;

(2) तीन सदस्यों, जिनमें से कम से कम दो व्यक्ति सम्बद्ध विषय में विशेष ज्ञान रखने वाले होंगे, से चयन समिति की बैठक के लिए गणपूर्ति होगी ।

चयन समिति के कृत्य।

24. (1) चयन समिति, कार्यकारी परिषद् को विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु व्यक्तियों के चयन के मामलों में अपनी सिफारिशें करेगी और ऐसे चयनों की प्रक्रिया और पद्धति हेतु व्यवस्था भी करेगी ।

(2) यदि कार्यकारी समिति, चयन समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करती है, तो यह सिफारिशों को कारणों सहित पुनर्विचार हेतु वापिस भेजेगी और यदि कार्यकारी समिति, चयन समिति के पुनर्विचारित विचारों को स्वीकार नहीं करती है, तो मामले को कारणों सहित कुलाधिपति को निर्दिष्ट किया जाएगा, और उस पर कुलाधिपति का विनिश्चय अंतिम होगा ।

अधिकारियों और कर्मचारियों के नियुक्ति पत्र ।

25. (1) विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को ऐसी नियुक्ति पर, नियुक्ति के ऐसे निबन्धनों तथा शर्तें जैसे विहित की जाएं, से युक्त नियुक्ति पत्र दिया जाएगा ।

(2) स्थाई रिक्ति के विरूद्ध नियुक्त किया गया कोई अधिकारी या कर्मचारी, ऐसी नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए साधारणतया परिवीक्षा पर रहेगा और परिवीक्षा की ऐसी अवधि, विश्वविद्यालय के नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकाधिकार पर एक वर्ष से अनधिक और अवधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी । परिवीक्षा की अवधि के दौरान यदि किसी समय पर, परिवीक्षाधीन व्यक्ति का कार्य संतोषप्रद नहीं माना जाता है, तो परिवीक्षाधीन व्यक्ति, सम्बद्ध प्राधिकरण (अथॉरिटी) द्वारा उन्मोचित किया जाएगा ।

(3) परिवीक्षा की अवधि के संतोषप्रद समापन पर कोई शिक्षक या कोई अधिकारी या कोई कर्मचारी, यथास्थिति, विश्वविद्यालय द्वारा इस निमित्त लिखित में किए गए आदेश द्वारा उसकी परिवीक्षा पर नियुक्ति की तारीख से पुष्ट किया जाएगा और ऐसी पुष्टि का तथ्य सम्बद्ध व्यक्ति को संसूचित किया जाएगाः

परन्तु यदि, परिवीक्षा की अवधि के समापन पर यदि ऐसी पुष्टि को कोई भी ऐसा आदेश परिवीक्षा की अवधि के पूर्ण होने के दो मास के भीतर नहीं किया जाता है जो सम्बद्ध व्यक्ति को संसूचित नहीं किया जाता है तो सम्बद्ध व्यक्ति परिवीक्षा पर उसकी नियुक्ति की तारीख से पुष्ट हुआ समझा जाएगा।

अस्थाई अधिकारी या कर्मचारी की सेवा की समाप्ति ।

26. किसी भी अस्थायी अधिकारी या कर्मचारी की सेवाएं, उस अवधि जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया है, की समाप्ति के पूर्व एक मास का नोटिस देने के पश्चात् या उसके बदले में उसे एक मास का वेतन का भुगतान करने के पश्चात् के सिवाय, समाप्त नहीं की जाएंगी ।

विवाद ।

27. यदि कोई प्रश्न उद्भूत (उत्पन्न) होता है कि क्या कोई व्यक्ति विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय का सदस्य सम्यक् रूप से नियुक्त या निर्वाचित हुआ है या सदस्य होने का हकदार है तो मामले को कुलाधिपति को सौंपा जाएगा जिस पर उसका विनिश्चय अन्तिम होगा ।

अध्याय –4

विश्वविद्यालय के समस्त प्राधिकरणों और अन्य निकायों को विनियमित करने वाले साधारण उपबन्ध

निरर्हताएं ।

28. कोई भी व्यक्ति, विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय का सदस्य के रूप में निर्वाचन या नामनिर्देशन हेतु अर्हित नहीं होगा या ऐसे सदस्य के रूप में बना नहीं रहेगा यदि वह :–

(क) विकृतचित् है या गूंगा है; या

(ख) अनुन्मोचित दिवालिया है; या

(ग) किसी न्यायालय द्वारा नैतिक अधमता से अन्तर्वलित किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है ।

अंशकालिक अध्यापनेत्तर कर्मचारिवृन्द (स्टॉफ) / कर्मचारी का मतदाता के रूप में अभ्यावेशित होने या नामनिर्देशित होने का हकदार न होना।

29. इस अधिनियम में अन्यत्र किसी बात के होते हुए भी कोई व्यक्ति, यदि वह अध्यापनेतर कर्मचारिवृन्द (स्टाफ) का सदस्य / कर्मचारी है, नियमित वेतनमान पर नियुक्त नहीं हुआ है या किसी पूर्णकालिक अध्यापनेतर पद पर न हो तो वह मतदाता के रूप में नामांकित होने, या विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के निर्वाचन में मतदान करने अथवा किसी ऐसे निकाय या प्राधिकरण के लिए नामनिर्दिष्ट किए जाने हेतु हकदार नहीं होगा ।

स्पष्टीकरण.–"नियमित वेतनमान" से ऐसा वेतन अभिप्रेत होगा जो विश्वविद्यालय द्वारा विहित किसी शर्त के अध्यधीन, न्यूनतम से अधिकतम तक कालिक वेतन वृद्धियों द्वारा बढ़ता हो ।

सदस्यों की पदावधि ।

30. (1) विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय का निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट सदस्य, यथास्थिति, उसके निर्वाचन या नामनिर्देशन की तारीख से चार वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा :

परन्तु इस अधिनियम के अधीन प्रथम निर्वाचन या नाम– निर्देशन की बाबत, चार वर्ष की उक्त अवधि ऐसे निर्वाचन या नामनिर्देशन के पश्चात् हुई प्राधिकरण या निकाय की प्रथम बैठक की तारीख से आरम्भ होगी ।

(2) समय के व्यतिक्रम द्वारा व्युत्पन्न हुई रिक्तियों को भरने के लिए, विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के पदेन सदस्यों से भिन्न, सदस्यों की पदावधि जो उक्त पदावधि के अवसान और ऐसे प्राधिकरण या निकाय के नए सदस्यों के निर्वाचन के मध्य व्यपगत हो, सम्मिलित की गई मानी जाएगीः

परन्तु जब निर्वाचन एक से अधिक तारीख को आयोजित होते हैं, तो इस धारा के प्रयोजनों के लिए, ऐसी तारीखों की अन्तिम तारीख निर्वाचन की तारीख मानी जाएगी ।

(3) किसी आकस्मिक रिक्ति को भरने हेतु कोई निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट सदस्य, सदस्य के पद की अनवसित अवधि के भाग के लिए पद ग्रहण करेगा जिसके स्थान पर वह निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट हुआ है ।

कतिपय मामलों में सदस्यता की समाप्ति ।

31. (1) जब कोई व्यक्ति, किसी प्राधिकरण या निकाय में उसकी सदस्यता के फलस्वरूप, विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय का सदस्य बनने के लिए अर्हित है, तो वह विश्वविद्यालय के प्राधिकरण या निकाय का सदस्य नहीं रह जाएगा, जब वह ऐसे अन्य प्राधिकरण या निकाय का भी सदस्य नहीं रह जाता है ।

(2) जब कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र से विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के सदस्य के रूप में निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट होता है, तो वह ऐसा सदस्य नहीं बना रहेगा जब उसका सम्बन्ध उस निर्वाचन क्षेत्र से समाप्त हो जाता है ।

रिक्तियों का भरा जाना ।

32. (1) विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के निर्वाचित सदस्यों में से कोई आकस्मिक रिक्ति, ऐसी रीति और ऐसे समय के भीतर भरी जाएगी, जैसा उस सदस्य के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले ऐसे प्राधिकरण या व्यष्टि निकाय द्वारा निर्वाचन द्वारा विहित किया जाए, जिसका स्थान रिक्त हुआ है, प्रतिनिधित्व करता ।

(2) विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के नामनिर्दिष्ट सदस्यों की कोई रिक्ति ऐसे समय के भीतर भरी जाएगी, जैसी ऐसे व्यक्ति या प्राधिकरण द्वारा नाम निर्देशन द्वारा विहित की जाए जिसने उस सदस्य को नामनिर्दिष्ट किया था जिसका स्थान रिक्त हुआ है ।

(3) समय के व्यतिक्रम द्वारा विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के निर्वाचित सदस्यों के स्थानों (सीटों) में व्युत्पन्न हुई रिक्तियां, छहः मास के अपश्चात् या रिक्तियां व्युत्पन्न होने की तारीख, जो कुलपति नियत करे, से ऐसी विस्तारित अवधि, जो कुलाधिपति द्वारा इस निमित्त किए गए आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, ऐसी तारीख या तारीखों को निर्वाचन द्वारा भरी जाएंगी ।

रिक्तियों से विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों या निकायों की कार्यवाहियों का अविधि–मान्य न होना।

33. विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय का कोई भी कृत्य या कार्यवाहियां मात्र इसके सदस्यों के मध्य रिक्ति या रिक्तियों के विद्यमान रहने अथवा सदस्यों में से किसी के निर्वाचन की अविधिमान्यता के कारण अविधिमान्य नहीं समझी जाएगी ।

स्पष्टीकरण.– शंका को दूर करने के लिए, यह एतद्द्वारा घोषित किया जाता है कि जहां विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के किसी सदस्य का पद, जब ऐसा प्राधिकरण या निकाय प्रथम बार के लिए गठित हुआ है, किसी निर्वाचन या नियुक्ति के कारण किसी साध्य कारण के न होते हुए भरा नहीं जा सकता है, वहां ऐसे सदस्य के पद में रिक्ति होना समझा जाएगा जब तक कि ऐसा निर्वाचन नहीं हो जाता या ऐसी नियुक्ति नहीं कर दी जाती।

निर्वाचन अधिकरण ।

34. (1) एक निर्वाचन अधिकरण होगा, जिसे कोई भी ऐसा प्रश्न निर्दिष्ट किया जाएगा जो इस बारे में उद्भूत होता हो कि क्या कोई व्यक्ति निर्वाचन या नामनिर्देशन के लिए पात्र है या सम्यक् रूप से निर्वाचित अथवा नामनिर्दिष्ट हुआ है या विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय का सदस्य बनने के लिए हकदार है या नहीं, और ऐसे प्रश्न पर निर्वाचन अधिकरण का विनिश्चिय अंतिम होगा ।

(2) निर्वाचन अधिकरण का गठन (संविधान) ऐसा होगा जैसा परिनियमों द्वारा विहित किया जाए ।

(3) यदि, विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया (प्रगति) के दौरान, निर्वाचन अधिकरण का समाधान हो जाता है कि ऐसा निर्वाचन कपट या भ्रष्ट आचरण द्वारा दूषित हुआ है तो निर्वाचन अधिकरण इस अधिनियम और परिनियम तथा तद्धीन बनाए गए विनियमनों के अनुसार ऐसे निर्वाचन या इसके किसी भाग की बाबत कार्यवाहियों का बात्तिलीकरण करने का आदेश कर सकेगा और नई कार्यवाहियों को उस स्तर से आरम्भ करने हेतु निर्दिष्ट करने का आदेश दे सकेगा, जैसी उस आदेश में विनिर्दिष्ट की जाएं और निर्वाचन अधिकरण का ऐसा आदेश अंतिम होगा ।

(4) निर्वाचन अधिकरण के किसी विनिश्चय या आदेश के विरूद्ध किसी सिविल न्यायालय में कोई वाद या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं लाई जाएगी ।

अध्यक्ष का निर्णायक मत ।

35. कार्यकारी परिषद्, गवर्नर बोर्ड, परिषद्ों या विश्वविद्यालय के किसी अन्य प्राधिकरण या निकाय की बैठक में, बैठक की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति प्रथमतः मतदान नहीं करेगा, परन्तु मतों की बराबरी की दशा में उसका निर्णायक मत होगा और वह उसका प्रयोग करेगा।

अध्याय–5
विश्वविद्यालय की निधियां, लेखे, लेखा परीक्षा और निरीक्षण

विश्वविद्यालय की निधि।

36. (1) विश्वविद्यालय की एक निधि होगी, जिसे विश्वविद्यालय निधि के नाम से जाना जाएगा, जिसमें फीस, जुर्मानों, अभिदायों, दानों, ऋणों और अग्रिमों तथा किसी भी अन्य स्रोतों से प्राप्त इसकी समस्त आय जमा की जाएगी ।

(2) विश्वविद्यालय, इस अधिनियम द्वारा या के अधीन विन्यासों, न्यासों या विनिर्दिष्ट अनुदान या अन्य विशेष प्रयोजनों के लिए अनुदानों के प्रशासन हेतु पृथक विशेष निधियों का सृजन भी कर सकेगा ।

